महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन

बी.एम.बिड़ला शोध संस्थान परिसर
देवास रोड,
उज्जैन (म.प्र.) – 456 010
फोन नंबर – (0734) 2524845 (कार्या.)
फेक्स नंबर – (0734) 2524845
E-mail – regpsvvmp@rediffmail.com
Website – www.mpsvvujjain.org

क्र./पासंवि/कु.स./जी–2/12/ 3188 उज्जैन, दिनांक : 15/06/2012

अधिसूचना

यह अधिसूचित किया जाता है कि महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन द्वारा आयोजित **'वेद विभूषण'** परीक्षा को उत्तर मध्यमा/हायर सेकण्डरी (10+2) के समतुल्य घोषित करने सम्बन्धी प्रकरण क्रमशः महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल एवम् मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल के विचाराधीन है। आगामी शिक्षा सत्र 2012–2013 शीघ्र प्रारम्भ होने जा रहा है। उसके पूर्व विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है।

प्रकरण की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, भोपाल एवम् मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा **'वेद विभूषण'** परीक्षा को उत्तर मध्यमा/हायर सेकण्डरी (10+2) के समतुल्य मान्य करने सम्बन्धी निर्णय लेने की प्रत्याशा में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय,उज्जैन ने नितान्त अस्थायी रूप से छात्रों को विश्वविद्यालय की शास्त्री प्रथम वर्ष की कक्षा में प्रवेश देने का निर्णय लिया है। अतः ऐसे छात्रों को जिन्होंने महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन से **'वेद विभूषण'** परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें विश्वविद्यालय अध्यापन विभाग/महाविद्यालय में शास्त्री प्रथम वर्ष में अस्थायी (Provisional) प्रवेश दिया जा सकेगा।

कुलसचिव

क्र./पासंवि/कु.स./जी–2/12/ 3189 उज्जैन, दिनांक : 15/06/2012

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन की ओर सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
2. प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों की ओर सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।
3. सम्पादक/प्रतिनिधि..दैनिक समाचार पत्र की ओर इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि वे अपने सम्मानित समाचार पत्र में इसे समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

कुलसचिव

Book No. 42
15-6-12
Pratishthan, Ujjain